اگر آپ نے لینی ہے۔ اور اپنی موت کا آپ نے سامان کرنا ہے تو پھر اس کو عزت سے لو۔ تب پھر تھوڑی سی ادھر ادھر دیکھ ریکھ یا تھوڑی بہت تبدیلی سے کام نہیں چلے گا۔ تمام لائبریریوں کو جیسے کلکتہ کی ہیں یا اور ہیں ان سب کو بالکل ایک تیرتھ ستھان آپ کو بنا دینا چاہیئے اور میرے جیسے جو پاگل ہوں گے وہ جاکر ان کے درشن کر آیا کریں گے اور جو کمیونسٹوں کے زیر سایہ ہوں گے وہ نہیں جائیں گے۔ (انٹرپشن) ہم جانتے ہیں کہ سرکار اس وقت صرف کمیونسٹوں کے سہارے چل رہی ہے۔ ورنہ سرکار ایک دن کے لئے بھی نہیں چل سکتی ہے۔ اگر آپ اس کو نہیں کرتے ہیں تو ان سب لائبریریوں کو ایک جگہ پر اکٹھا کر دیں اور سرکار کے زیر سایہ ایسی لائبریریز کو رکھنے کی کوئی ضرورت نہیں ہے۔ اور نہ ہی ان کے لئے کوئی ستھان ہے سوائے اس کے کہ ان کو ایک عجائب گھر کی طرح سے یہ سجا دیں میں سمجھتا ہوں کہ بالکل نشپکش ڈھنگ سے سرکار کو یہ بات سوچنی چاہیئے (انٹرپشنز) کمیونسٹوں کو دکھ ہے کہ میں کھری کھری باتیں کہہ رہا ہوں۔ یہ بیک ڈور سے راج کرنا چاہتے ہیں۔ بیک ڈور سے دیش پر قبضہ کرنا چاہتے ہیں ہم ان کو ایسا نہیں کرنے دینگے۔ یہ بات ان کے دماغ سے نکل جانی چاہیئے۔ ہم فرنٹ سے کرنا چاہتے ہیں اس میں کوئی شک نہیں ہے۔ ہم کرینگے اور کوئی روک نہیں سکے گا۔ ہم انڈونیشیا کی تاریخ کو یاد رکھیں۔ شری ایس۔ ایم بنرجی روز چنڈو خانے کی بات کرتے رہتے ہیں اور ہم برداشت کرتے رہے ہیں۔]

श्री बलराज मधोक : खुदाबख्श ओरियंटल लाइब्रेरी के सम्बन्ध में यह बिल इस सदन के सामने कई वर्षों से था। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आखिर यह पास होने जा रहा है और मैं इसका स्वागत करता हूँ। इसकी आवश्यकता भी थी।

मैं मंत्री महोदय को दो-तीन सुझाव देना चाहता हूं। इसका नाम ओरिएन्टल लाइब्रेरी है। ओरिएन्टल में केवल पर्शियन, अरेबिक, उर्दू ही नहीं आते हैं। उर्दू तो माडर्न इंडियन लैंग्वेजिज में आती है। ओरिएन्टल के अन्दर संस्कृत भी आती है, पाली भी आती है और भी साहित्य जो है, ईस्ट में जिसका महत्व है, वह सब ओरिएन्टल लिट्रेचर में आ जाता है। यह जो साहित्य है इस लाइब्रेरी में यह मुख्य रूप से, पुस्तकें आदि हैं वे फारसी और अरबी की ही हैं। खान बहादुर खुदा बख्श बहुत बड़े स्कालर थे और उन्होंने जो उनका कलेक्शन था उसको राष्ट्र को दे दिया। परन्तु पटना के अन्दर और भी इस प्रकार के बहुत से कलेक्शंज हैं। आपको याद होगा डा० काशी प्रसाद जायसवाल का नाम जिन्होंने बहुत बड़ा काम किया साहित्य के क्षेत्र में, जिन्होंने पहले-पहल इण्डियन पालिटी के बारे में पुस्तक लिखी।

उनका बहुत बड़ा कलैक्शन वहां पर प्राचीन इतिहास पर है। राहुल सांकृतायन भी एक बहुत बड़े स्कालर हो गुजरे हैं। वह कई बार तिब्बत गए और वहां से तीन सौ खच्चरें मैनुसक्रिप्ट की और माइक्रो-फिल्म्ज़ की भर कर लाए। उनका कलैक्शन भी पटना में है। मैं यह चाहता हूं कि यह जो लाइब्रेरी है यह सही अर्थों में ओरिएन्टल लर्निंग का केन्द्र बने और इसमें कई विंग बना दिये जायें। मेरा सुझाव होगा कि एक विंग तो जायसवाल विंग हो, एक विंग राहुल सांकृतायन विंग, एक विंग खुदा बख्श विंग हो और इस प्रकार यह जो लाइब्रेरी है यह केवल अरेबिक और परशियन तक ही सीमित न रहे बल्कि जितना भी ओरिएन्टल लिट्रेचर है और उस पर जितना भी साहित्य उपलब्ध है और खासकर जो पटना में ही उपलब्ध है वह सब इस लाइब्रेरी के अन्दर उपलब्ध हो। सैंट्रल गवर्नमेंट इसको ग्रांट देगी। वहां पर माइक्रोफिल्मिंग हो, या साईन्टिफिक ढंग से पाण्डुलिपियों का प्रिजर्वेशन होगा, उनकी रक्षा की जाएगी और मैं चाहता हूं कि इस प्रकार की और भी जो पुस्तकें हैं, जो लिट्रेचर है, उनकी भी रक्षा हो। मैं चाहता हूं कि सही अर्थों में यह ओरिएंटल लाइब्रेरी बने और उसका एक बड़ा भारी केन्द्र बने। इस के अन्दर बाकी कलैक्शंज जो पटना में अवेलेबल हैं और जो बाहर भी अवेलेबल हैं, उनके संरक्षण की व्यवस्था भी यहां की जाए ताकि सही अर्थों में यह राष्ट्रीय संस्था बन सके।

बिल में कहा गया है कि लोगों को नामिनेट किया जाएगा, केन्द्रीय सरकार भी करेगी, प्रान्तीय सरकार भी करेगी, और ऐसे लोग होंगे जिनको लाइब्रेरी साइंस का ज्ञान हो, जिनको एडमिनिस्ट्रेशन का ज्ञान हो। यह सब ठीक है। परन्तु उनको लिट्रेचर के बारे में भी ज्ञान होना चाहिए, इतिहास के बारे में भी ज्ञान होना चाहिए। लेकिन इस प्रकार की कोई चीज नहीं कही गई है। मेरा सुझाव यह है कि इसमें जिन लोगों को नामिनेट किया जाए, उनमें मुख्य रूप में वे लोग होने चाहिए जिनकी क्वालिफिकेशन यह हो कि वे विद्वान हों संस्कृत, फारसी, अरेबिक, चाइनीज, जैपेनीज, पाली आदि भाषाओं के। अगर उन को ज्ञान है और वे इतिहासज्ञ हैं तो बहुत लाभ होगा। केवल किताबों और अलमारियों को ठीक तरह से रखा जाए और उनकी सफाई ठीक हो, यह काफी नहीं है। वहां पर किस प्रकार का साहित्य पड़ा हुआ है, उनको यह भी पता हो, उसका क्या लाभ उठाया जा सकता है, यह भी वे जानते हों। इस वास्ते मैं सुझाव देना चाहता हूँ कि बोर्ड जो हो उसमें विद्वान और अच्छी क्वालिफ़िकेशंज वाले लोग रखे जायें।

देश के अंदर कई संस्थायें इस प्रकार की है जिनको आप नेशनल इंपोर्टेंस की संस्थायें बना रहे हैं। उन पर आप खर्चा भी करते हैं और वहां जो साहित्य है उसका प्रिजर्वेशन भी करते हैं। परन्तु उनका लाभ क्या हो रहा है, इसको भी आप देखें। भारत को आजाद हुए 22 साल हो गए हैं। लेकिन आज भी कालेजों और स्कूलों में कौनसी हिस्ट्री पढ़ाई जाती है। वही पढ़ाई जाती है जो वी० एस० स्मिथ ने लिखी थी। पचास साल पहले जो हिस्ट्री लिखी गई थी वही आज भी पढ़ाई जाती है। उन्हीं चीजों को आज भी दोहराया जा रहा है। यह कहा जाता है कि किसी देश के इतिहास को नष्ट कर दो तो वह राष्ट्र नष्ट हो जाता है। अंग्रेजों ने हमारे राष्ट्रत्व को, हमारे नैशनलिज्म को नष्ट करने के लिए हमारे इतिहास को नष्ट किया। लेकिन हमें 22 सालों के अन्दर नेशन को बनाने के लिए जो कुछ करना चाहिए था हमने नहीं किया। हमें चाहिये था कि इतिहास के बारे में हम शोध करवाते। आज भी हमें पढ़ाया जाता है कि आर्य लोग बाहर से आये। दुनिया जानती है कि ऋग्वेद के अन्दर कहीं भी इस प्रकार का एवीडेंस नहीं मिलता कि आर्य लोग सैंट्रल एशिया से आए या कहीं और से आए। डा० सम्पूर्णानन्द बहुत बड़े विद्वान थे। उन्होंने

[श्री बलराज मधोक]

किताब लिखी है, आर्यों का आदि देश··· (इंटरप्शंज) यह अनपढ़ लोगों की बात नहीं है। कुछ पढ़कर आओ, तब बात करो। हाउस के अन्दर इस प्रकार के लोग आ जाते हैं जिनके लिए काला अक्षर भैंस बराबर होता है। उनसे क्या बात करूँ? मैं डा० राव से बात कर रहा हूँ—

SHRI AMRIT NAHATA (Barmer): Who has given you the right to prostitute history?

श्री बलराज मधोक: आपके सामने तो काला अक्षर भैंस बराबर है। आप मस्त रहो। देश के अन्दर बहुत-सा साहित्य तैयार हुआ है। डा० ए० सी० दास की पुस्तक है, डा० सम्पूर्णानन्द की पुस्तक है, आर्यों का आदि देश। इसी प्रकार की बीसियों पुस्तकें लिखी गई हैं। और भी रिसर्च हुआ है और इन्टरनल एवीडेंस जो है वह भी मौजूद है। इस सबके बावजूद क्यों अंग्रेजों ने जो एक बात कह दी, उस पर ही हम चिपके हुए हैं। अगर वे अपने-आपको आर्यों का वंशज मानते और यह कहते कि आर्य बाहर से नहीं आए तो उनका अपमान होता। उन्होंने कहा कि सैंट्रल एशिया से ही नहीं, आर्य लोग स्कैंडेनेविया से, यूरोप से, हंगरी से आए। उनको लगता था कि ऐसा कहना उनके अपने हित में है। अब जबकि हम आजाद हो चुके हैं तो क्या भारत सरकार ने कोई स्कालर बिठाये कि वे रिसर्च करें, पता लगायें कि तथ्य क्या है, एवीडेंस को देखें और ठीक बात का पता चलायें। आजकल क्रोनोलोजी इस आधार पर चलती है कि सिकन्दर हिन्दुस्तान में 322 बी० सी० में आया। इसके आधार पर कहा जाता है कि बुद्ध 520 बी० सी० में हुआ। टी० एल० शाह ने महात्मा बुद्ध का समय 1800 बी० सी० बताया है। महाभारत पाँच हजार साल पहले लिखी गई थी। इस प्रकार से भारतीय स्कालर्ज ने जिन चीजों की खोजबीन की है उनको न मानकर जिन्होंने सिकन्दर के भारत पर आक्रमण को क्रोनोलोजी का शीट एंकर कहा है, उसको ही आधार मानकर चला जा रहा है। आप सोचते नहीं हैं कि भारतीय क्रोनोलोजी के बारे में पुनर्विचार आप करें। हमारे देश में बड़े-बड़े स्कालर मौजूद हैं। क्या भारत सरकार ने इस बारे में कुछ किया है? मैं चाहूँगा कि भारत सरकार इस संस्था को भारतीय इतिहास के बारे में शोध का केन्द्र, रिसर्च का सैंटर, बनाये। हम लोगों को समझना चाहिए कि हमारे बारे में अंग्रेज या जर्मन जो कुछ कह गये हैं, वही वेद-वाक्य नहीं है। भारत के स्कालर्ज ने आर्यों के ओरिजिन और क्रोनोलोजी के बारे में जो कुछ कहा है, उस पर विचार किया जाना चाहिए, ताकि हम अपने बच्चों के सामने भारतीय इतिहास को सही अर्थों में पेश कर सकें। यह कहने का कोई अर्थ नहीं है कि हम भारतीय ट्रेडीशन्ज को नहीं मानते हैं। संसार के हर एक देश का इतिहास उसकी ट्रेडीशन्ज से शुरू होता है। इसलिए हमारे लिए भारतीय ट्रेडीशन्ज का बहुत महत्व है। इस दृष्टि से इस ओरियंटल लाइब्रेरी को केवल एक लाइब्रेरी न बनाये रखकर इसको एक रिसर्च सैंटर बनाया जाये, जिसमें भारतीय ट्रेडीशन्ज, साहित्य और इतिहास के बारे में शोध हो। वहां पर अच्छे योग्य स्कालर रखे जायें, ताकि हमारे रुपये का सदुपयोग हो और जो काम भारत सरकार ने अब तक नहीं किया है, वह अब शुरू हो सके।

मुझे आशा है कि मंत्री महोदय मेरे इन सुझावों को स्वीकार करेंगे।

श्री रामजी राम (अकबरपुर): सभापति महोदय, मुझे इस पिलर के पीछे सीट दी गई

है, जिससे मैं आपको देख नहीं पा रहा हूँ। मेरे साथ अन्याय किया जा रहा है।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : माननीय सदस्य भी नरसिंह अवतार की तरह इस पिलर को तोड़कर सामने आ जायें।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति महोदय, अभी प्रोफेसर बलराज मधोक ने अपना भाषण प्रारम्भ करते हुए कहा कि खुदाबख्श ओरियंटल लाइब्रेरी में दूसरी भाषाओं की पुरानी पुस्तकें रखी जायें, श्री काशीप्रसाद जैसवाल की रचनायें भी वहां रखी जायें और राहुलजी की रचनाओं और पांडुलिपियों आदि को भी वहां स्थान दिया जाये। उन्होंने यह बहुत सही बात कही है। इतने दिनों के बाद मैंने आज ही उनसे एक सही बात सुनी है।

श्री बलराज मधोक : शुक्र है !

श्री रामावतार शास्त्री : मुझे तो ऐसा लगता था कि वह जो कुछ भी कहते हैं, वह गलत ही होता है।

श्री अमृत नाहाटा : माननीय सदस्य राहुल सांकृत्यायन का नाम सुनकर बहक गये हैं। जो कुछ उन्होंने कहा, वह गलत है।

श्री रामावतार शास्त्री : उन्होंने प्रारम्भ में जो कुछ कहा, मैंने उसके बारे में कहा है।

श्री अमृत नाहाटा : वह भी गलत था।

श्री रामावतार शास्त्री : यह प्रसन्नता की बात है कि इस हाउस के सभी दलों के सदस्यों ने इस बिल का स्वागत किया है। लेकिन जो लोग यहां इस बिल का समर्थन कर रहे हैं और जो समझते हैं कि इस लाइब्रेरी को विकसित करने से लाभ होगा, उनसे मेरा निवेदन है कि उर्दू, फारसी या अरबी का नाम आने पर या मुसलमानों का नाम आने पर वे नाक-भौं सिकोड़ने की कोशिश न करें। जिस सूबे से मैं आता हूं, जहां यह लाइब्रेरी स्थित है, वहाँ 1967 में उर्दू भाषा के विरुद्ध एक आन्दोलन शुरू किया गया और उस प्रश्न को लेकर खूंरेजी की गई। मेरा निवेदन है कि इस तरह की फूट डालने वाली बातें, एक भाषा विशेष और जाति विशेष के प्रति नफरत फैलाने वाली बातें बाहर न की जायें।

श्री बलराज मधोक : ज्ञान किसी भी भाषा में हो, वह ज्ञान ही होता है।

श्री रामावतार शास्त्री : ऐसा करने पर ही इस बिल के समर्थन का कुछ मतलब होगा। उर्दू भाषा में बहुत बड़ा साहित्य है, बहुत पुस्तकें हैं। मैं इस प्रश्न में नहीं जाता कि उर्दू भाषा नयी है या पुरानी। लेकिन यह तथ्य है कि इस भाषा का साहित्य बहुत रिच है। हमारी आजादी के आन्दोलन में उर्दू भाषा और उसके साहित्य ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इकबाल की इस कविता से कौन परिचित नहीं है : "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा, हम बुलबुलें हैं इसकी यह गुलिस्तां हमारा।" उन्होंने इस भाषा के माध्यम से देश की गरिमा को बढ़ाया और देश की भावनात्मक एकता पर बल दिया।

श्री स० मो० बनर्जी : उन्होंने यह भी लिखा, "पत्थर की मूरतों में समझा है तू खुदा है, खाके वतन का मुझको हर जर्रा देवता है।"

श्री बलराज मधोक : लेकिन क्या माननीय सदस्य यह नहीं जानते हैं कि इकबाल ने

[श्री रामावतार शास्त्री]

यह भी लिखा था, "मुस्लिम हैं, हमवतन हैं सारा जहाँ हमारा" ?

श्री रामावतार शास्त्री : जो लोग उर्दू भाषा और मुस्लिम अवाम के प्रति नफरत की भावना पैदा करते हैं और दंगे करवाते हैं, उनसे मेरा नम्र निवेदन है कि जब वे इस बिल का समर्थन कर रहे हैं, तो मेहरबानी करके वे बाहर इस तरह का विषैला प्रचार करके देश की एकता को छिन्न-भिन्न न करें, हमारे देश की आजादी को कमजोर न करें और हमारे देश के दुश्मन को मदद न पहुँचायें।

उर्दू भाषा हमारे देश की भाषा है। आज जो लोग इस बिल का समर्थन कर रहे हैं, वे कहते हैं कि उर्दू भाषा पाकिस्तान की भाषा है या केवल मुसलमानों की भाषा है। मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि उर्दू भाषा इस देश के आठ करोड़ लोगों की भाषा है।

एक माननीय सदस्य : बारह करोड़ की।

श्री रामावतार शास्त्री : यह बारह करोड़ लोगों की भाषा है, जबकि मुसलमान केवल छः करोड़ हैं। इस प्रकार उर्दू उन छः करोड़ लोगों की भी भाषा है, जो मुसलमान नहीं हैं। उर्दू केवल मुसलमानों की भाषा नहीं है, बल्कि हिन्दी, बंगला, उड़िया, मराठी और असमिया की तरह वह भी हिन्दुस्तान की अपनी एक भाषा है।

श्री बलराज मधोक : क्या हिन्दुस्तान के छः करोड़ मुसलमानों की भाषा उर्दू है ? क्या तमिलनाडु और केरल के मुसलमानों की भाषा उर्दू है ? स्थिति यह है कि तमिलनाडु के मुसलमानों की भाषा तमिल और केरल के मुसलमानों की भाषा मलयालम है। माननीय सदस्य जो कुछ कह रहे हैं, वह गलत है, वह कम्युनलिज्म है, वह एक कम्युनल एपरोच है।

श्री अमृत नाहाटा : "इनकलाब जिन्दाबाद" सारे हिन्दुस्तान का नारा है और वह उर्दू का नारा है।

श्री रामावतार शास्त्री : श्री मधोक की स्वयं की भाषा उर्दू है।

श्री बलराज मधोक : मेरी भाषा पंजाबी है, लेकिन चूंकि हमारे यहाँ उर्दू चलती थी, इसलिए मैंने अपनी शिक्षा उर्दू में प्राप्त की है।

श्री रामावतार शास्त्री : यदि बिहार में अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू और दूसरे लोग यह आन्दोलन करते हैं कि उर्दू को उचित स्थान दिया जाये, स्कूलों में उसकी पढ़ाई की व्यवस्था की जाये और राशन कार्ड तथा वोटर्ज लिस्ट आदि उर्दू में छापे जायें, तो जनसंघ के भाइयों को उसका विरोध नहीं करना चाहिए, लेकिन बदकिस्मती से उन लोगों ने उसका विरोध किया और रांची में दंगे करवाये।

श्री बलराज मधोक : माननीय सदस्य रांची के दंगों के बारे में रिपोर्ट को पढ़ें। उस रिपोर्ट ने उन दंगों के लिए आप लोगों पर दोष लगाया है, हम पर नहीं।

श्री रामावतार शास्त्री : आवश्यकता इस बात की है कि इस लाइब्रेरी में पांडुलिपियों और पुस्तकों आदि में वृद्धि की जाये। और अगर उसमें और ऐड करने की बात हो तो उससे मेरा मतभेद नहीं है। मेरा केवल इतना निवेदन है बार-बार कि उर्दू का शब्द जहाँ आए, अरबी का, फारसी का या मुसलमान का

शब्द आये वहाँ मेहरबानी करके साम्प्रदायिकता की बात न फैलाइए। कल इनकी पार्टी के सदस्य जो बोल रहे थे माननीय श्री वेणीशंकर शर्माजी, उन्होंने कहा कि इसका नाम बदल दिया जाय। क्यों बदल दिया जाय, क्या इसका औचित्य है नाम बदलने का ?

इन शब्दों के साथ मैं समझता हूँ कि जिस तरह की भावना का परिचय यहाँ हम तमाम लोगों ने दिया है उस भावना का परिचय हम बाहर भी दें और उस लाइब्रेरी की तरक्की में हम आगे बढ़ें। उसमें जरा चैतन्यता लाने की कोशिश करें ताकि हिन्दुस्तान की सभ्यता, हमारी संस्कृति आगे बढ़े और दुनिया में हमारा नाम रोशन हो कि हिन्दुस्तान सचमुच में एक सेकुलर डेमोक्रेसी को मानने वाला है। मैं इस बिल का तहेदिल से समर्थन करता हूँ।

श्री शिव चंद्र झा : सभापति जी, बहुत सी बातें तो सामने आ गई हैं। बड़ी-बड़ी बातें आ गई हैं। लेकिन सवाल यह आता है इस सरकार के सामने कि और महकमों की जिस तरह की बातें हैं, उसी तरह कहीं ऐसा न हो कि यह बड़ी-बड़ी बातें कागजों में ही पड़ी रह जायं। उनके कार्यान्वियन में ढिलाई और सुस्ती होने लगे। इसका ख्याल सरकार को रखना होगा। इस दृष्टिकोण से मेरा पहला सुझाव है कि यह बिल पास हो जाने और कानून बनने के बाद सरकार एक समय निर्धारित करे कि इतने वक्त तक हम यह काम कर देंगे। मकान बनाने का काम या पांडुलिपि संग्रह करने का काम यह सब काम इतने-इतने समय के भीतर हम कर देंगे, इसके बाद यह प्रोग्राम रहेगा इस लाइब्रेरी को बढ़ाने का। यह मुस्तैदी इसके लिए चाहिए।

दूसरा मेरा सुझाव यह है कि बोर्ड आफ डायरेक्टर्स तो अपनी जगह पर होगा लेकिन स्पाट पर जो लाइब्रेरियन होगा वह विद्वान जरूर हो लेकिन साथ-साथ यह भी ख्याल रखा जाय कि उसमें इनीशिएटिव हो। वह लाइब्रेरियन इनीशिएटिव लेकर काम करे। किसी तरह की सुस्ती लाइब्रेरी में न आने पाए, कोई ढिलाई न आने पाए और जो मकसद है उसको सामने रखकर वह काम करे। वह जिसको डायनेमिक कहते हैं उस तरह का इनीशिएटिव लेकर काम करने वाला लाइब्रेरियन होना चाहिए।

तीसरी बात यह है कि बावजूद इन बातों के आर्थिक बातें ऐसी होती हैं कि जिनसे पुस्तकालय का आगे बढ़ना या और विभागों के अन्दर विकास होने का काम ठप हो जाता है। तो आर्थिक बातों में सरकार ध्यान दे अर्थात् पैसा सरकार देती रहे। केन्द्र सरकार इसका ख्याल रखे। उसमें कंजूसी न करे। आपको कटौती करनी है तो कटौती के और बहुत से महकमे हैं, बहुत से आइटम्स हैं। उनमें आप कटौती करिए। लेकिन खुदाबख्श लाइब्रेरी को जो अनुदान देना है उसमें कटौती न करें। इसका सरकार ख्याल रखे कि आर्थिक धरातल पर कहीं लाइब्रेरी का काम रुकने न पाए।

चौथी और आखिरी बात मैं कहना चाहता हूँ कि इतनी बातें हुई खुदाबख्श साहब के मुताल्लिक, लेकिन मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ कि कोई भी पब्लिकेशन, या कोई भी काम्प्रीहेंसिव जीवनी खुदाबख्श साहब की है आपके पास ? जिस तरह से दादा भाई नौरोजी की जीवनी आपने निकलवाई है, सी० आर० दास की निकलवा रहे हैं और दूसरे राष्ट्रीय नेताओं की निकलवा रहे हैं उसी तरह से मेरा सुझाव है कि काम तो हों, लेकिन उनके साथ-साथ खुदाबख्श साहब का एक अच्छा रिसर्च वर्क, उनकी एक काम्प्रीहेंसिव जीवनी सरकार निकाले। साथ-साथ यह भी जरूरी है कि इस भावना को, इसके महत्व को तो आपने बताया लेकिन उस चिराग को जलाए रखने के लिए मेरा एक सुझाव यह भी है कि खुदा-बख्श लाइब्रेरी या इस ट्रस्ट की तरफ से एक ऐसे कम्पीटीशन या पब्लिकेशन कम्पी-

[श्री शिव चन्द्र झा]

टीशन निकलवाया जाय। इसकी तरफ से एक ऐसा कम्पीटीशन सारे देश में हो पुराने हमारे देश के इतिहास पर या हिन्दुस्तान की संस्कृति पर, इसके मुताल्लिक भी आप सोचें कि साल में एक ऐसा कम्पीटीशन हो जिसमें कि आप एक हजार या दो हजार रुपये का प्राइज़ चला दें तो यह चिराग जो जलाने जा रहे हैं, यह रोशनी और आगे जायेगी, सुदूर देहात तक, देश के कोने-कोने तक यह रोशनी जायगी। यही मेरे सुझाव हैं और मैं उम्मीद करता हूँ कि मंत्री महोदय इन पर ध्यान देंगे। इन शब्दों के साथ मैं तहे दिल से इस बिल का स्वागत करता हूँ और सरकार को सावधान करता हूँ कि इसके काम में कहीं सुस्ती न आए, ढिलाई न आए।

श्री बि० प्र० मंडल (माधेपुरा) : सभापति महोदय, हम लोग तो पटना के हैं, इसको जानने वाले हैं। हम लोगों को दो मिनट आप देते हैं यह काफी नहीं है।

खुदाबख्श लाइब्रेरी को मैं बचपन से जानता हूँ। मुझे मालूम नहीं कि हमारे माननीय मंत्री और इनके प्रेडीसेसर जो त्रिगुण सेन साहब हैं उन्होंने आखिर इसमें क्या पाया जो इस लाइब्रेरी को इतना प्रीडामिनेंस दिया, प्रेफरेंस दिया जबकि पटना में डा० सच्चिदानंद सिन्हा लाइब्रेरी भी एक है। डा० सच्चिदानंद सिन्हा 1885 ईस्वी से कांग्रेस मैंन रहे हैं और उन्होंने अपनी सारी प्रापर्टी उस लाइब्रेरी को दे दिया और जबकि उसी बिहार में डा० श्रीकृष्ण सिन्हा लाइब्रेरी भी है। इनको सेलेक्ट न करके आपने खुदाबख्श लाइब्रेरी में क्या पाया जो उसे सेलेक्ट किया यह मैं समझ नहीं सका। पटना कालेज के बगल में यह लाइब्रेरी है, जब हम वहां पढ़ते थे तो सुनते थे कि इसमें बहुत पुरानी मैन्यूस्क्रिप्ट है लेकिन आज तक एक भी आदमी को हमने उस लाइब्रेरी में घुसते नहीं देखा चाहे हिन्दू हो या मुसलमान हो...(**व्यवधान**)...यह जाते होंगे।

सभापति महोदय, यह अच्छी बात है कि जो धूल में या गर्द में पड़े हुए हों उनको ऊपर उठाया जाय और लाल को या जवाहर को परखने वाले मिनिस्टर महोदय को मैं उसके लिए धन्यवाद देता हूँ। यह अच्छी बात है। मेरा सुझाव केवल यह है कि हम उसका स्वरूप सेकुलर स्टेट जो हमारी है, उसके मुताबिक कर दें। उसमें अगर सिर्फ परशियन का ही कुछ संग्रह हो, जैसा कि हम सुनते हैं कि उसमें कुछ फारसी और उर्दू का संग्रह है तो अगर ऐसा हो तो उसके साथ-साथ उसमें हिन्दी, संस्कृत, बंगला, तामिल, तेलगू और बाकी सब लैंग्वेजेज़ की पुस्तकें भी होनी चाहिएं जिससे कि सेकुलर स्वरूप उस लाइब्रेरी का हो... (**व्यवधान**)...सभापति जी, इसके साथ-साथ हमारा यह कहना है कि खुदाबख्श लाइब्रेरी के साथ-साथ हमारी सरकार को चाहिए कि वह और जो वहाँ पर लाइब्रेरीज़ पब्लिक इम्पार्टेंस की पटना में है, डा० सच्चिदानन्द सिन्हा लाइब्रेरी, डा० श्रीकृष्ण सिन्हा लाइब्रेरी इन पर भी नजर फेरे, इनको भी देखे जरा क्योंकि डा० सच्चिदानन्द सिन्हा की जो लाइब्रेरी पटना में है वह एक यूनिक लाइब्रेरी है, उसमें यूनिक किताबें हैं। डा० सच्चिदानंद सिन्हा हमारी कांस्टीट्यूएंट असेम्बली के प्रेसीडेंट थे। 1885 से वह कांग्रेस मैंन भी थे और उन्होंने अपनी सारी जायदाद जो 50-60 लाख रुपए की जो भी थी, सारे जीवन की कमाई उन्होंने इसी लाइब्रेरी को दे दी। तो हम उम्मीद करेंगे कि खुदाबख्श पब्लिक लाइब्रेरी के साथ-साथ गवर्नमेंट ऐसा बिल बनाती जिसमें इन दोनों लाइब्रेरियों को भी आप लेते तो मैं आपको धन्यवाद अदा करता। जरा आप ही बतायें कि आपने इस लाइब्रेरी में क्या पाया जो सबको छोड़कर खुदाबख्श लाइब्रेरी को आपने लिया? इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

DR. V. K. R. V. RAO : Mr. Chairman, Sir, my hon. friend Shri Abdul Ghani Dar talked about some book of his being proscribed. I do not know, If it is not proscribed, I shall try and see that a copy of

the book is placed in the Library. If it is prescribed. I do not know. If it is not proscribed, I am afraid, I cannot do anything about it.

As far as the Board of Management is concerned, there will be people who will not be just professional librarians but who will also know something about literature and languages like Persian, Arabic, Sanskrit, etc. etc. I would only like to point out that a professional librarian is not a person who only keeps the place clean. Actually, the Khuda Bakhsh Library is essentially a library of very old manuscripts. You require a great deal of technical skill in seeing that all those manuscripts are properly preserved. It is not so much the knowledge of literature or the knowledge of the language as competence in seeing that proper preservation is made of these very ancient manuscripts. That is the reason why the Bill was drafted as it is. I have already taken the point and I will see that not only professional librarians but also people who have the knowledge of literature and language will find a place in the Board.

Then, the suggestion that has been made by my hon. friend Shri Madhok is an interesting one, that the Library should not only consist of Arabic, Persian and Urdu books with which we start and that it should also include some other languages and some other collections. I am prepared to consider the suggestion. But I want to point out here that this Library is not intended to merely preserve what is already there. We want it to be a developing Library. We do not want merely to preserve what has already been collected by Khuda Baksh and his father. We want to develop it. That is why we want to make it an institution of national importance. Patna itself, I think, requires a first class Oriental Library. It is a very good Library. The suggestion made by my hon. friend Shri Madhok will be taken into account.

Now, my hon. friend Shri Ram Avtar Shastri brought in the whole subject of Urdu and Jana Sangh, this and that and so on. I do not know why we should get into this debate everytime when it is not relevant. I can understand when the subject is relevant. But I should like to point out that Urdu is a recognised language. The Government of India is making a special provision for the development of Urdu language. I think, the honourable House is aware that I have taken special interest myself in the particular subject and, in all fairness, not that I am a lover of the Members in the Opposition, the hon. Members who have spoken from the Opposition side, belonging to all political parties, have welcomed it and are very glad that Urdu, Persian and Arabic manuscripts are going to be looked after. All that I have suggested is, in addition, they must also take other languages into account to which, I am sure, there will be no objection at all.

My hon. friend, Shri B. P. Mandal asked us to why only the Khuda Baksh Library has been taken. He was trying to throw the responsibility on my hon. colleague Dr. Triguna Sen who is sitting next to me and on myself. Actually, I may tell him that it was in the Third Session of the Lok Sabha, when neither he nor I were Members of the Lok Sabha, let alone I being the member of the Treasury Benches, that the choice of this Library was made. It is a Library containing very rare manuscripts and we find a great deal of neglect going on in the matter of preserving the old manuscripts. That is the reason why it was taken up. As regards the other library mentioned by him, the Sachidanand Library, named after Shri Sachidanand Sinha who was a very distinguished and noble citizen of this country and who was a very scholarly person, I have no doubt that it is a great library of literature and the other manuscripts that are available.

My own inclination is that this Library develops specially from the point of view of manuscripts, not so much from the point of view of printed books, available in various languages in different neighbouring parts of the country. So, this Library will become really a big regional centre, not merely a Library for Patna, for manuscripts in different languages and it will be used by scholars in that part of the country.

Finally, my hon. friend Shri Shiv Chandra Jha wants me to be a good boy to follow it up. I shall try my best. I cannot guarantee all the time that I shall be a good boy. But I shall try my best to follow it up and take follow-up action.

Both of us are interested in this. He is a scholar because he has written books and I have read them and I can also call myself one in so far as I have written books. I shall try my best to take necessary follow-up action.

With these words, I have great pleasure in requesting the House to pass the Bill, as amended.

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That the Bill, as amended, be passed"

The motion was adopted.

14.45 hrs.

OILFIELDS (REGULATION AND DEVELOPMENT) AMENDMENT BILL

THE MINISTER OF PETROLEUM & CHEMICALS AND MINES & METALS (DR. TRIGUNA SEN) : I beg to move:

> "That the Bill further to amend the Oilfields (Regulation and Development) Act, 1948, be taken into consideration."

Under Entry 53 of List 1—Union List—of the Seventh Schedule of the Constitution of India, legislation towards regulation and development of oil-fields and mineral oil resources continues to be the responsibility of the Union Government. This responsibility had been borne even earlier by the Union Government and the Oilfields (Regulation and Development) Act was enacted in 1948 for the purpose. The Petroleum & Natural Gas Rules, 1959, framed under sections 5 and 6 of the said Act, and amended from time to time, stipulated that royalty at the rate of Rs. 7.50 per metric tonne of crude oil and casing-head condensate and at 10 per cent of the value at the well-head of the natural gas obtained by the lessee, shall be paid.

The Prime Minister has now been pleased to give her award which provides for an increase in the rate of royalty payable for crude oil, etc., from Rs. 7.50 to Rs. 10.00 per metric tonne, with effect from 1st January, 1968. This enchanced rate has, therefore, to be applied not only to leases granted in future but also retrospectively to all leases with effect from 1st January, 1968. Now to give legal implementation to the Award, the Government have been advised that it is necessary to make appropriate provisions in the Act itself for imposing a liability to pay enhanced rate of royalty in the leases. Hence, this amendment.

The Bill incorporates a small amendment in the existing statute. I hope that the same will meet with the approval of all sections of the House.

SHRI SRINIBAS MISRA (Cuttack) : On a point of order. This Bill provides for collection of taxes...

AN HON. MEMBER : Royalty.

SHRI SRINIBAS MISRA : Taxes are also there. It is said here, 'the levy and collection of royalties, fees or taxes ..'.

This is purely a Money Bill, whatever may be the original Act. But the recommendation of the President is not there. Article 117(1) says :

> "A Bill or amendment making provision for any of the matters specified in sub-clause...shall not be introduced or moved except on the recommendation of the President and a Bill making such provision shall not be introduced .." etc.

I do not find the recommendation of the President in this Bill.

MR. CHAIRMAN : We have got Bulletin Part II, dated the 15th May, in which the Vice-President acting as President has given his recommendation.

SHRI SRINIBAS MISRA : That is all right.

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That the Bill further to amend the Oilfield (Regulation and Development) Act, 1948, be taken into consideration."

Mr. Hazarika.